तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 7 दिसंबर 2025



12 खेलों से हमें प्रतिस्पर्धा और सहयोग की प्रेरणा मिलती...





13 माता के दरबार पहुंचकर विधायक ने की पूजा-अर्चना...






## खबर संक्षेप



### 8वीं की छात्रा गीतेश्वरी ने मॉडल बनाकर बढ़ाया गौरव

**बकावंड।** बकावंड ब्लाक के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की कक्षा आठवीं कि छात्रा गीतेश्वरी ने बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गणित पार्क मॉडल का प्रदर्शन किया। जशपुर में छात्रा ने गणित पार्क मॉडल को राज्य स्तर की प्रदर्शनी में प्रस्तुति दी। जिसमें खेल खेल में गणित सीखने की कला को लोगो ने सराहा। इस मॉडल को बनाने की प्रेरणा स्कूल की शिक्षिका रमा कश्यप से मिली। गीतेश्वरी देवांगन एवं शिक्षिका रमा कश्यप ने बताया कि राज्य स्तर पर पहुंचकर ब्लॉक का नाम रोशन किया है।

### ओडिशा से आ रहा 60 बोरा अवैध धान जब्त



**जगदलपुर।** कृषि उपज मंडी जगदलपुर एवं अनुविभागीय अधिकारी बकावंड के संयुक्त जांच दल द्वारा सीमावर्ती राज्य उड़ीसा से 60 बोरा अवैध धान परिवहन करते मिला, जब्त किया गया। इस पर मंडी अधिनियम अनुसार कार्रवाई की गई। कार्रवाई में कृषि उपज मंडी सचिव जितेन्द्र दुबे के नेतृत्व में निरीक्षक वीरेन्द्र दिल्लीवार की टीम शामिल रही। बताया जा रहा है कि राज्यों से धान के अवैध परिवहन पर कड़ाई से अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे ओडिशा से छत्तीसगढ़ में लाकर इसे किसानों की आड़ में बेचने की कोशिश करते हैं। इसलिए पड़ोसी राज्यों से लगने वाली राज्य की सीमाओं को सील किया गया है। सीमावर्ती इलाकों में धान का अवैध परिवहन रोकने के लिए लगातार कड़ी निगरानी सुनिश्चित की जाए। अवैध परिवहन करने वालों पर सख्ती कार्रवाई की जा रही है।

### पोलियो अभियान 21 को

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक में बस्तर जिले में 21 दिसंबर को पल्स पोलियो अभियान के संबंधित चर्चा की गई। अभियान 23 दिसंबर तक संचालित किया जाएगा। 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो बीमारी से बचाने के लिए पल्स पोलियो अभियान के तहत पोलियो बूथ पर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। अगले दो दिनों 22 और 23 दिसंबर को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर भ्रमण करबच्चों को पोलियो दवा की खुराक दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक ने बताया कि उच्च जोखिम वाले स्थानों ईंट भट्टी, झुग्गी-झोपड़ी, मलिन बस्ती और घुमंतु परिवारों के बच्चों सहित बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन में भी मोबाइल टीम द्वारा पोलियो दवा की खुराक दी जाएगी।

### मेकाज में टीकाकरण से संबंधित डब्ल्यूएचओ की हुई कार्यशाला



**जगदलपुर।** जीवनरक्षक टीकों के उपयोग से बचाव किए जाने वाले बीमारियों के बारे में और टीकाकरण के दरमियान होने वाले विपरीत प्रभाव से संबंधित एक कार्यशाला का आयोजन वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन कि बस्तर शाखा द्वारा डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के रेडियोलॉजी विभाग के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यशाला में एसएमओ बस्तर डॉ. मीनल द्वारा उपस्थित पीजी डॉक्टर और विशेषज्ञों को टीकाकरण द्वारा बीमारियों के रोकथाम के बारे में एक पीपीटी के माध्यम से शेष पेज 12 पर

# 6 राज्यों से पहुंचे प्रतिभागी, उद्यान की तितलियों का कर रहे सर्वेक्षण

## कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में पहली बार हुई बटरफ्लाई मीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में पहली बार आयोजित बटरफ्लाई मीट का शुभारंभ 5 दिसंबर से उत्साहपूर्ण माहौल में किया जा रहा है। तीन दिवसीय कार्यक्रम 7 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें देश के 6 राज्यों से आए छात्र, विशेषज्ञ, प्रकृतिवादी और वन्यजीव प्रेमी शामिल हैं। सभी प्रतिभागी उद्यान में तितलियों की विविधता पर व्यापक वैज्ञानिक सर्वेक्षण कर रहे हैं। इसके तहत कुटुमसर और कोलेंग रेंज में 16 ट्रेल निर्धारित किए गए हैं, जहां प्रतिभागी तितली प्रजातियों की पहचान, उनके प्राकृतिक आवास, व्यवहार और मौसमी गतिशीलता का अध्ययन कर रहे हैं। कार्यक्रम के पहले दिन प्रतिभागियों का परिचय सत्र आयोजित किया गया। इसके पश्चात कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने उद्यान की अनूठी जैव-विविधता, भू-वैज्ञानिक विशेषताओं और समृद्ध वन्यजीवों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बटरफ्लाई मीट के मुख्य उद्देश्यों तितली प्रजातियों का वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण, संरक्षण हेतु डेटा संग्रह, तथा युवा शोधार्थियों को फील्ड रिसर्च का अनुभव प्रदान करना पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में एसडीओ कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान श्री कमल तिवारी, दोनों परिक्षेत्र अधिकारी तथा उद्यान के समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहे। पहली बार शेष पेज 12 पर



### प्रतिभागियों को दिया सर्वे किट

*मीट में वन्यजीव बोर्ड के सदस्य गौरव निहलानी ने प्रतिभागियों को सर्वेक्षण तकनीकों और इस अध्ययन के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। सत्र के समापन पर सभी प्रतिभागियों को कीट बैग एवं सर्वे किट प्रदान की गईं। उन्हें उनके कैंप आवंटित किए गए, जहां से वे निर्धारित ट्रेल्स पर अध्ययन के लिए रवाना हुए।*

## समस्या : विपणन ने नहीं दिया 11 मंडियों को 1.08 अरब का मंडी शुल्क

# शुल्क नहीं मिलने से मंडी के अधिकारियों व कर्मचारियों को पड़ रहे वेतन के लाले

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- भुगतान नहीं होने से मंडी ने नहीं दे पाया 15.85 करोड़ निराश्रित शुल्क

बस्तर संभाग के सातों जिले के राज्य सहकारी विपणन संघ की ओर से 11 कृषि उपज मंडियों को शासकीय धान खरीदी पर मंडी शुल्क दिया जाता है, जिसके चलते वर्ष 2024-25 से संघ पर एक अरब 08 करोड़ 41 लाख 96 हजार 238 रूपए बकाया है। इससे मंडी बोर्ड ने जिला प्रशासन को 15 करोड़ 85 लाख 09 हजार 915 रूपए निराश्रित शुल्क नहीं दे पाया। वहीं दूसरी ओर इससे मंडी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़ गए हैं।

मंडी बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2024-25 के शासन धान खरीदी का कृषि मंडी जगदलपुर को 10 करोड़ 57 लाख 28 हजार 895, कोंडागांव को 7 करोड़ 70 लाख 34 हजार 962, केशकाल को 3 करोड़ 99 लाख 17 हजार 359, कांकेर 14 करोड़ 86 लाख 90 हजार 357, चारामा 13 करोड़ 27 लाख 57 हजार 981, सम्बलपुर 11 करोड़ 33 लाख 93 हजार 723, पंखाजूर को 21 करोड़ 81 लाख 16 हजार 735, गीदम को 4 करोड़ 35 लाख 46 हजार 814, कोंटा को 7 करोड़ 96 लाख 87 हजार 867, नारायणपुर को एक करोड़ 43 लाख 15 हजार 857 एवं बीजापुर को 11 करोड़ 10 लाख 05 हजार 688 रूपए का मंडी और निराश्रित शुल्क राज्य सहकारी विपणन संघ ने नहीं दिया। मंडी शुल्क नहीं मिलने से मंडी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वेतन के मुश्किल हो रहा है। संभाग के 11 मंडी के सचिव क्षेत्र के राज्य सहकारी विपणन संघ के अधिकारी को समय-समय पर लंबित मंडी शुल्क के लिए नोटिस दिया पर इस पर विपणन संघ ध्यान नहीं दे रहे।





### सचिवों को दिए निर्देश

*मंडी बोर्ड के प्रभारी संयुक्त संचालक आईए खैरानी ने बताया कि संभाग के सातों जिलों के 11 कृषि उपज मंडी के सचिवों को निर्देश दिया कि वे संबंधित जिला विपणन अधिकारी को लंबित मंडी शुल्क शीघ्र ही भुगतान करने का नोटिस दें। इस पर लापरवाही होने पर सचिवों को नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।*

# 8 किलो के कुकर आईईडी को किया गया निष्क्रिय



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपालपटनम

- सर्चिंग में मिली भरमार बंदूकें, देसी बम, वायर और अन्य विस्फोटक सामान

सुरक्षा बलों की सर्चिंग अभियान के दौरान 62वीं वाहिनी सीआरपीएफ के जवानों ने उल्लूर घाटी में सफलता हासिल की। नेशनल पार्क इलाके में पगडंडी मार्ग पर लगाया गया लगभग 8 किलो का कुकर आईईडी जवानों की सतर्कता से निष्क्रिय कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को सुबह नियमित गश्त पर टीम निकली थी। इसी दौरान उल्लूर घाटी के जंगलों में पगडंडी रास्ते पर दबाव आधारित कुकर आईईडी मिला। इसके बाद शेष पेज 12 पर

### सर्चिंग अभियान जारी रहेगा

सहायक कमांडर दुर्गानन्दन श्रीवास्तव ने बताया कि इस क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों की आवाजाही बाधित करने के लिए आईईडी और विस्फोटक लगाने की कोशिशें लगातार जारी रहती हैं। जंगलों में दबाव बनाए रखने और नक्सल गतिविधियों की रोकथाम हेतु सर्चिंग अभियान जारी रहेगा। जवानों की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया है।

# आदिवासी नेता की मौत में भूमाफियाओं का हाथ : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



- मुख्यमंत्री से उच्च स्तरीय जांच की मांग

सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कांकेर जिले की चारामा तहसील के मयाना गांव के निवासी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज कांकेर जीवन ठाकुर की जेल अभिरक्षा में षड्यंत्र के तहत हत्या किया गया है। आदिवासी समाज के प्रमुखों, गांव वाले तथा परिवार वालों से पूछताछ में यह बात निकल कर आया है कि सुनियोजित रूप से वनाधिकार पट्टा का फर्जी बनाकर उनके ख़िलाफ़ एफआईआर दर्ज कराई गई। कानून व्यवस्था के विपरीत तहसीलदार किसके आदेश से एफआईआर दर्ज कराया। इसकी जांच कराई जाए। वहीं इस मामले में और भी व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया लेकिन उन्हें जमानत दिया गया। जबकि दिवंगत ठाकुर को बीमार होने के बाद भी जमानत नहीं दी गई इसकी भी जांच की जाए। जेल मैनुअल के अनुसार दिवंगत ठाकुर को किस मजिस्ट्रेट के आदेश और उनके परिवार को बिना सूचना के केंद्रीय जेल रायपुर में शिफ्ट किया गया, इसे सार्वजनिक किया जाए। जब उन्हें 2 दिसंबर को केंद्रीय जेल रायपुर शिफ्ट किया गया तो 4 दिसंबर को प्रातः किसके आदेश से मेकाहारा शेष पेज 12 पर

# नगर पालिका में टेंडर विवाद गरमाया, कांग्रेस ने दिया धरना, भाजपा पर भेदभाव और भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा

नगर पालिका परिषद में टेंडर फार्म वितरण को लेकर तूल पकड़ते विवाद के बीच शनिवार को कांग्रेस ने पालिका कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष आयशा हुसैन के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों एवं कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के प्रभाव में आकर पालिका प्रशासन ठेकेदारों को टेंडर फार्म देने से रोक रहा है। इस वजह से जिले में रोजगार के मौके सिकुड़ रहे हैं और विकास कार्य बाधित हो रहे हैं।

आयशा हुसैन ने भाजपा नेताओं पर सीधे आरोप लगाते हुए कहा, नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ की जगह असल काम भाजपा के शीर्ष नेताओं के इशारे से हो रहा है। जनता की मेहनत की कमाई टैक्स के रूप में जुटती है, मगर उसका दुरुपयोग कर कुछ गिने-चुने ठेकेदारों को ही फायदा पहुंचाया जा रहा है। जो युवा ईमानदारी से ठेकेदारी के लिए मेहनत कर रहे हैं, उन्हें टेंडर फार्म तक नहीं दिये जा रहे। अगर यह सिलसिला जारी रहा तो सभी युवा बेरोजगार हो जाएंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आगामी टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता नहीं हुई, शेष पेज 12 पर



### जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी

नगरपालिका द्वारा आमंत्रित निविदाओं में नियमों के अनुसार पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया है। प्राप्त आवेदनों को दर्ज कर लिया गया है और अब निर्धारित नियमों व शर्तों के अनुरूप उनकी जांच की जाएगी। जांच पूरी होने के बाद ही प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

**- पी.आर. कोर्राम,** मुख्य नगरपालिका अधिकारी, सुकमा

# बस्तर के प्रत्येक कण, हर वृक्ष पौधों में औषधि गुण : देव



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- हर्बल मेला, परंपरागत वैद्यों का सम्मेलन व जड़ी बूटी व वनोत्पाद पर हुई प्रदर्शनी

बस्तर में प्रत्येक कण हर वृक्ष एवं पौधों में औषधि गुण लिए हुए हैं। बस्तर देश दुनिया में औषधि गुण के लिए अपनी अलग पहचान रखता है, इसे आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उक्त बातें आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती के उपलक्ष्य में वन विभाग के मंडलाधिकारी की ओर से शहर के वन विद्यालय में शनिवार को आयोजित हर्बल मेला, परंपरागत वैद्यों का सम्मेलन एवं जड़ी-बूटी व वनोत्पाद के प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस क्षेत्र में अपनी भूमिका सुनिश्चित कर रहे हैं। साथ ही आयुर्वेद इलाज के अपने अनुभव भी कार्यक्रम में साझा किया। कार्यक्रम में प्रचलित पारंपरिक जड़ी-बूटी उपचार पद्धतियों, वनौषधियों के उपयोग, वनोपज आधारित औषधीय उत्पादों और स्थानीय वैद्य समुदाय की भूमिका पर केंद्रित रहा। स्थानीय वैद्यजन इस दौरान अपने पारंपरिक नुस्खे, औषधीय पौधों की पहचान तकनीक, प्राकृतिक उपचार पद्धतियां और जड़ी-बूटी संरक्षण की परंपराएं साझा किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने सभी वैद्यों का सम्मानित किया गया। शेष पेज 12 पर

## क्षेत्र में विकास कार्यों के तेज़ी से शुरू होने की उम्मीद बढ़ी

# करेंगुट्टा हिल्स के ऊपर दूसरा सुरक्षा कैम्प स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

- सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के ठिकानों को किया ध्वस्त

ताड़पाला घाटी का करेंगुट्टा इलाका जो कभी नक्सलियों का मुख्य ठिकाना माना जाता था अब सुरक्षा बलों की कार्रवाई के बाद शांति और सुरक्षा का प्रतीक बन चुका है। इलाके में वर्षों तक नक्सलियों का गढ़ रहा यह दुर्गम क्षेत्र हाल ही में सुरक्षा बलों के विशेष अभियान के तहत पूरी तरह फतह कर लिया गया। सूत्रों के अनुसार अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने न सिर्फ नक्सलियों के ठिकानों को ध्वस्त किया। बल्कि जंगलों के बीच छुपे कई बंकर, हथियारों के भंडार और नक्सली सामग्रियों को भी बरामद किया। इलाके को सुरक्षित घोषित करने के बाद यहां एक स्थायी सुरक्षा कैंप स्थापित कर दिया गया है। 2 दिसंबर को नवीन सुरक्षा एवं जन-सुविधा कैम्प की स्थापना सफलतापूर्वक की गई। जिले में माओवादियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई 1 नवंबर से संचालित अभियान के अंतर्गत डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा 205, कोबरा 210 एवं केरिपु 196 की संयुक्त टीमों द्वारा 4 नवंबर को करेंगुटटा हिल्स पर ताड़पाला बेस कैम्प स्थापना के बाद यह दूसरा रणनीतिक कैम्प स्थापित किया गया है। जिससे क्षेत्र में विकास कार्यों के तेज़ी से शुरू होने की उम्मीद बढ़ी है। प्रशासन ने भी आश्वासन दिया है कि इस अभियान के बाद ताड़पाला घाटी को पूरी तरह मुख्यधारा में लाने के लिए सड़क, बिजली और संचार सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर शेष पेज 12 पर





### प्राकृतिक चुनौतियों के बीच साहसिक कार्य

दुर्गम पहाड़ी भू-भाग, सड़क मार्ग का अभाव, कठिन चढ़ाई, लगातार आईईडी व एम्बुश के खतरे तथा क्षेत्र में पानी की कमी जैसी अत्यंत प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद सुरक्षा बलों ने अदम्य साहस, धैर्य और उत्कृष्ट कार्य क्षमता का परिचय दिया। इस कैम्प की स्थापना से क्षेत्र में संचालित होने वाले माओवादी विरोधी अभियानों को गति मिलेगी तथा रणनीतिक बढ़त सुनिश्चित होगी। क्षेत्र की भौगोलिक स्थितियों को देखते हुए इस कैम्प को आगे चलकर जंगल वारफेयर, फील्ड क्राफ्ट, टैक्टिक्स एवं अन्य उन्नत प्रशिक्षणों के लिए विशेषीकृत प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

### अंतर्राज्यीय समन्वय व अभियान की मजबूती

ताड़पाला से छत्तीसगढ़, तेलंगाना सीमावर्ती क्षेत्रों में माओवादियों के विरुद्ध संयुक्त व समन्वित अभियान और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किए जाएंगे। कैंप की स्थापना के दौरान निरंतर हेलीकॉप्टर सपोर्ट उपलब्ध रहा। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कैंप स्थल पर पहुंचकर समय-समय पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### नक्सल उन्मूलन में उल्लेखनीय उपलब्धियां

वर्ष 2024 से अब तक बीजापुर जिले में 23 नये सुरक्षा कैम्प स्थापित किए गए हैं। इन सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप 790 माओवादी आत्मसमर्पण, 219 माओवादी मारे गए, 1049 माओवादी गिरफ्तार किये गए हैं। साथ ही बस्तर संभाग में 210 माओवादियों ने हथियारों सहित आत्मसमर्पण किया है, जो नक्सल उन्मूलन अभियान की बड़ी रणनीतिक सफलता है।




## खबर संक्षेप

### अरौद में शिव महापुराण एवं ज्ञान यज्ञ कथा 10 से

**मगरलोड।** ग्रामवासियों के सहयोग से 10 से 14 दिसंबर तक शिव महापुराण एवं ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन बजरंग चौक अरौद में किया गया है। भगवताचार्य मेघा निवासी कल्पना पाण्डेय होंगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शुरू होगी। कलश यात्रा, देवपूजन के साथ कथा शुरू होगी।

### मधुबन धाम में श्रीमद् भागवत महापुराण 19 से

**मगरलोड।** साईं मंदिर मधुबन धाम में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ 19 से 25 दिसंबर तक आयोजित किया गया है। कथावाचक पं. राकेश शर्मा कोपरा होंगे। 19 दिसंबर को कलश यात्रा, गोकर्ण, परीक्षित जन्म, 20 को गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार, 21 को श्रीराम कथा, कृष्ण अवतार, 22 को कृष्ण लीला, रुक्मणि विवाह, 23 को कृष्ण सुदामा चरित्र, 24 को परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा, 25 को अंतिम दिवस गीता हवन व सहस्त्रधारा होगी। प्रवचन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक चलेगा। अंतिम दिवस 25 दिसंबर गुरुवार को साईं जन्म उत्सव मनाया जाएगा।

### ग्राम दरगहन सलोनी में कबीर सत्संग

**कुकरेल (धमतरी)।** ग्राम दरगहन सलोनी में विश्व शांति कबीर समिति द्वारा दो दिवसीय कबीर सत्संग कार्यक्रम का आयोजन शनिवार एवं रविवार को किया गया है। प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बीजक पाठ व दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक भजन प्रवचन होगा। भजन संध्या गुरुचरण साहू करेंगे। कार्यक्रम में संत धर्मेंद्र साहेब उत्तरप्रदेश, विचार साहेब कबीर आश्रम नयापारा राजिम, संत अनुकरण साहेब श्री जागु कबीर आश्रम सेनचुआ, संत रविकर साहेब श्री डोंगेश्वर धाम आश्रम देवपुर, साध्वी समता साहेब कबीर आश्रम नवागांव कचना अपनी उपस्थिति देंगे। समिति के देवनाथ साहू, महेश साहू एवं मन्नूलाल साहू ने सत्संग प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।

### उद्योग स्थायी समिति की बैठक 11 को

**धमतरी।** सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक 11 दिसंबर को होगी। सभापति, सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की अध्यक्षता में यह बैठक दोपहर 12 बजे से कार्यालय उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं धमतरी में रखी गई है। इस मौके पर जिले में धान खरीदी, धान खरीदी लिमिट को बढ़ाने, सहकारी समितियों में टिन शेड, शौचालय निर्माण, शक्कर, मिट्टीतेल वितरण, धान के रख-रखाव एवं विपणन, टोकन प्रक्रिया को सरलीकृत करने सहित अन्य विषयों की समीक्षा की जाएगी।

## आयोजन : डुंडाबेड़मा में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

# खेलों से हमें प्रतिस्पर्धा और सहयोग की प्रेरणा मिलती है: पूर्व विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

केशकाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम डुंडाबेड़मा में आयोजित संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में केशकाल विधानसभा के पूर्व विधायक संतराम नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागी बालक- बालिकाओं से व्यक्तिगत रूप से परिचय प्राप्त किया और उनके उत्साह को बढ़ाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक संतराम नेताम ने कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक अंग है। खेल के माध्यम से न केवल शरीर को तंदुरुस्त रखा जा सकता है, बल्कि युवा प्रतिभाओं का मनोबल और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में उभरती प्रतिभाओं को उचित सम्मान और प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए, ताकि वे प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ कांग्रेस जन तथा पंच-सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में बच्चों ने खेल कौशल का प्रदर्शन किया और विजेताओं को सम्मानित किया गया। संतराम नेताम ने बच्चों को खेलों में निरंतर भाग लेने और अपने कौशल को और विकसित करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकारी और स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से ग्रामीण खेलों को और सशक्त बनाया जाएगा। इस कार्यक्रम ने न केवल बच्चों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाई, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में खेलों के विकास के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा का संदेश भी दिया।

### ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डुंडाबेड़मा सरपंच श्री राजमन मंडावी,श्री कपिलकांत नाग (जिला पंचायत सदस्य),घसियाराम सेठिया (जनपद सदस्य), प्रवीण अग्निहोत्री, शुभम राणा, रमेश बेलसरिया,स तेर कोरचा, जागेश पटेल, वीरेंद्र बघेल,सरपंचगण, पंचगण व समस्त जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।*

## राज्य स्तरीय एथलेटिक्स स्पर्धा के लिए गुंडाधुर मवि के 7 विद्यार्थियों का चयन



**कोण्डागांव।** शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव की छात्राएं सनमती, प्रमिला, सरस्वती तथा छात्र सोनू मरकाम, प्रेमराज, रतेन उसेंडी और बामन का चयन राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए किया गया है। ये सभी खिलाड़ी उत्तर बस्तर सेक्टर की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन खिलाड़ियों का चयन शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर में आयोजित सेक्टर स्तरीय प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 5 से 7 दिसंबर 2025 तक शासकीय स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय, बिलासपुर में आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेश के 11 सेक्टरों की टीमें भाग लेंगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता पूर्व खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण के लिए 3 से 4 दिसंबर तक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

### नियमित अभ्यास से मिला सफलता का मंच

महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एच.आर. यदु ने बताया कि प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम के मार्गदर्शन में जुलाई माह से ही उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित सभी खेलों का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। इसी सतत प्रशिक्षण का परिणाम है कि विद्यार्थी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

## साइबर ठगी के मामले में कवर्धा से आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

थाना बोधघाट ने एनजीओ को सीएसआर फंड दिलाने के नाम पर 7 लाख 25 हजार रुपए के ठगी के आरोपी को पुलिस ने कवर्धा से गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी से बैंक अकाउंट लिंक्ड मोबाइल नंबर सिम कार्ड का उपयोग कर ठगी को अंजाम दिया गया। आरोपी सूर्यकांत सोनी 46 साल को कवर्धा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में कार्रवाई की गई । थाना बोधघाट में प्रार्थी मिनेश पाणिग्रही कंगोली द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया । वह मां शारदा लोक कला मंच नामक एनजीओ चलाता है आरोपी ने संपर्क कर अन्य आरोपी दिब्येंदु सरकार के साथ आपराधिक षड्यंत्र कर झांसा में लेकर सोशल वर्क के लिए सीएसआर फंड दिलवा देंगे कहा। इसका बैंक से लिंक मोबाइल नंबर वाला सिम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड , बैंक डिटेल लेकर वेस्ट बंगाल के अन्य आरोपी को दिलवाकर इसके बैंक अकाउंट से 7,25,000 को विभिन्न तरह से निकाल कर इसके साथ ठगी किया। थाना बोधघाट में धारा 318.4, 61, 3.5 बीएनएस तथा 66.डी आईटी एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना की गई। अति. पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम तैयार किया गया। अपराध में प्रयुक्त मोबाइल जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय में पेश किया गया। जिसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

### इनकी रही भूमिका

इस सफलता में उ. नि. ललित नेगी, लोकेश्वर नाग , प्र.आर. पवन श्रीवास्तव, अहिलेश नाग, आरक्षक भैरव सिन्हा, संतोष झा, थानेंद्र सिन्हा, मानकू कोर्राम, कामदेव दर्रो की अहम भूमिका रही।

## अबूझमाड़ की बेटियां संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगी प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर ओलंपिक ने अबूझमाड़ के युवाओं के जीवन में नई उमंग और नई दिशा जगाई है। 11 से 13 दिसंबर तक जगदलपुर में होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश भर की नजरें अबूझमाड़–ओरछा की बेटियों पर टिकी हैं।

■ जिला स्तर पर खो- खो टीम ने प्रथम स्थान जीतकर बनाई जगह

जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रबिना पोटाई के नेतृत्व वाली नारायणपुर की जूनियर खो-खो टीम ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया है। ओरछा की शांत-पहाड़ी गलियों से निकलकर प्रदेश स्तर के मंच तक पहुंची यह टीम अब अपने जिले के लिए नए कीर्तिमान बनाने को तैयार है। बस्तर ओलंपिक ने हमें बड़ा मंच दिया, अब संभाग स्तर पर पूरी तैयारी के साथ उतरेंगे। रबिना अबूझमाड़ ओरछा की रबिना पोटाई ने बताया कि बचपन से ही उसका मन खेल में लगता था। मेरे माता-पिता नहीं और हम लोग 4 भाई-बहन हैं, वे हमेशा मेरा हौसला बढ़ाते हैं। पहले हमारे क्षेत्र में न तो अच्छे अभ्यास के साधन थे और न ही बड़े प्रतियोगिताओं का अनुभव मिल पाता था इसलिए हमारी प्रतिभा अक्सर दिख नहीं पाती थी। जब से बस्तर ओलंपिक शुरू हुआ है तब से हमें वह मंच मिला जिसकी हमें वर्षों से आवश्यकता थी। पिछले साल भी इसमें भाग लिया था और संभाग स्तर तक पहुंचकर दूसरा स्थान प्राप्त किया था। उस अनुभव ने मुझे और मजबूत किया। इस बार हमने और कड़ी मेहनत की है। हमारा एक ही लक्ष्य है कि नारायणपुर जिले को खो-खो में प्रथम स्थान दिलाना है। मेरा गाँव, मेरा स्कूल और मेरा जिला मुझ पर और मेरे पुरे टीम के ऊपर गर्व महसूस करे। रबिना के साथ खेलने वाली खिलाड़ी हैं सलोनी कोवाची, सुंदरी पोटाई, रोशनी कुमेटी, सनिता, सरीता मंडावी, शिवानी कचलाम, अंजु रावल, कविता पद्दा, ममता वड्डे, मनिषा पोटाई और सुनिता उसेंडी है। इन खिलाड़ियों ने सीमित संसाधनों के बावजूद अनुशासन और निरंतर अभ्यास से जिला स्तर पर श्रेष्ठता साबित की है।

## टाइप-1 डायबिटीज पर स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी और जिला कार्यक्रम प्रबन्धक डॉ. भावना महलवार के मार्गदर्शन में 3–4 दिसंबर को दो सत्रें में टाइप–1 डायबिटीज पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। लक्षण जल्दी कैसे पहचानें, मरीज और परिवार को सही परामर्श कैसे दें। सामुदायिक जागरूकता कैसे बढ़ाएं, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की भूमिका, मरीजों के सामने आने वाली मानसिक और आर्थिक चुनौतियाँ, पेशेंट सपोर्ट ग्रुप कैसे बनाएं इस पर बात हुई । टाइप–1 डायबिटीज बच्चों में तेजी से बढ़ रहा गैर–संचारी रोग है। मरीजों और परिवारों पर इलाज का भारी आर्थिक बोझ और मानसिक तनाव पड़ता है। अब स्वास्थ्य कर्मी इन सबको समझकर ज्यादा संवेदनशील और प्रभावी ढंग से मदद कर सकेंगे। यूनिसेफ और एकम फाउंडेशन के सहयोग से, सत्र से पहले और बाद में टेस्ट लेकर असली सीख का मूल्यांकन, सभी प्रतिभागियों ने इसे जिंदगी बदल देने वाला प्रशिक्षण बताया। अब जिले के आशा, एएनएम, सी एच ओ और अन्य स्वास्थ्य कर्मी टाइप–1 डायबिटीज के मरीजों को पहले से कहीं बेहतर देखभाल और सपोर्ट दे सकेंगे।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर यूनिसेफ स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेन्द्र सिंह, एनसीडी नोडल ऑफिसर डॉ ममता ठाकुर, जिला एनसीडी सलाहकार डॉ जे विनय जोएल उपस्थित रहे।



## एचआईवी पीड़ितों लोगों से किया जाए सदव्यवहार

**जगदलपुर।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल कोड़ेनार ब्लॉक बास्तानार में बस्तर नेटवर्क ऑफ पॉजिटिव पीपल लिविंग विथ एचआईवी एड्स बीटीएनपी प्लस संस्था द्वारा मॉडल स्कूल के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य जी.शिवा रेड्डी द्वारा सर्वप्रथम बीटीएनपी प्लस के सदस्यों का स्वागत किया गया। शिक्षक उदित किशोर यादव, सुरजीत , संदीप, विजय पतानिया एवं शोभित सर द्वारा टीम मेंबर्स का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया । तत्पश्चात बीटीएनपी प्लस प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर ने विश्व एड्स दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए जानकारी प्रदान किया। पीयर काउंसलर मिस अंजना बघेल द्वारा एचआईवी. होने के 4 कारणों पर प्रकाश डालते हुए बचाव के तरीकों को समझाया गया। मुख्य अतिथि लवलीना द्वारा समाज में व्याप्त गलत धारणाओं को स्पष्ट करते हुए एच आई वी वायरस के विषय में जानकारी दी गई। उन्होंने एच. आई.वी.पीड़ितों से समान व्यवहार की वकालत की । वंशिका जांगड़े एवं ज्योति महंत ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से जानकारी दी।

## रॉट आयरन कला से सालाना 5.40 लाख की कमाई, बस्तर की कला को मिली नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



बड़ेराजपुर के छोटेराजपुर की प्रमिला मरकाम ने बिहान के सहयोग से अपनी पारंपरिक रॉट आयरन कला को नया जीवन दिया। पहले मजदूरी और खेती पर निर्भर परिवार आज सालाना 5 लाख 40 हजार रुपये से ज्यादा कमा रहा है। 1500 कलाकृतियां बनाई गई जिसकी कुल लागत करीब 30 लाख आई। अब तक 857 कलाकृतियां बिकीं 13 लाख की कमाई हाल ही में दिल्ली सरस मेले में 496 उत्पाद बेचकर 3.87 लाख रुपये कमाए गुजरात, गोवा, दिल्ली, असम, नोएडा बिहान ने दिया नया मंच पवित्र स्व–सहायता समूह से जुड़ने के बाद बिहान ने प्रमिला को सरस मेलों में हिस्सा लेने का मौका दिया। आज उनकी रॉट आयरन कला बस्तर की संस्कृति को देशभर में पहचान दिला रही है।

**प्रमिला बोलीं : बिहान ने सपना पूराः** पहले सिर्फ घर–खेत था। बिहान ने मुझे मंच दिया, हुनर को बाजार दिया। आज मेरी कला बस्तर से दिल्ली तक पहुँच रही है। शासन–प्रशासन का बहुत–बहुत शुक्रिया।

## कमिश्नर ने किया आंगनबाड़ी केन्द्र और स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण

**जगदलपुर।** कमिश्नर डोमन सिंह ने शुक्रवार को विकासखण्ड बस्तर के भ्रमण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र और स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र कुदालगांव में लक्षित बच्चों एवं माताओं को समेकित बाल विकास सेवाओं की उपलब्धता, पोषण आहार की सुलभता, स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण सहित बच्चों को स्कूल पूर्व आरंभिक शिक्षा इत्यादि के बारे में जानकारी ली और बच्चों के सुपोषण स्थिति का संज्ञान लिया। करमरी में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला सहित सेजेस का आकस्मिक निरीक्षण किया। 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट नतीजे लाने के लिए बच्चों की तैयारी पर ध्यान केंद्रित किए जाने के निर्देश प्राचार्य एवं शिक्षकों को दिए। कमिश्नर ने प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला करमरी में बच्चों को गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक वितरण के बारे में पूछा। साथ ही मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम संचालन की जानकारी ली । कमिश्नर ने 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी हेतु कार्ययोजना तैयार कर बच्चों की अभिरुचि के अनुरूप पढ़ाई के लिए सार्थक प्रयास किए जाने कहा।



### पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करें

कमिश्नर ने अधिकारियों को स्वेच्छा से चयन किए गए स्कूल में सप्ताह के निर्धारित एक दिवस में किसी एक कालखंड की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किए जाने कहा। इस दौरान एसडीएम गगन शर्मा, तहसीलदार जॉली जेम्स, बीईओ भारती देवांगन और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## डाक जीवन बीमा के तहत 11 लाख का मृत्यु दावा भुगतान



**कोण्डागांव।** विकासखंड के ग्राम गिरोला निवासी धनीराम पोयाम द्वारा वर्ष 2019 में लिया गया आठ लाख रुपये का डाक जीवन बीमा उनकी आकस्मिक मृत्यु के बाद उनके नामिनी को प्रदान कर दिया गया। डाक विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बीमा राशि सहित कुल 11 लाख रुपये उनकी पत्नी श्रीमती जगबती पोयाम के बचत खाते में अंतरित किए। धनीराम पोयाम द्वारा इस बीमा के तहत लगभग 90 हजार रुपये का प्रीमियम जमा किया गया था। विभागीय प्रक्रिया पूर्ण कर ब्याज सहित राशि नामिनी को उपलब्ध कराई गई। राशि प्राप्त करने के बाद श्रीमती जगबती पोयाम ने डाक विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डाक जीवन बीमा सभी को अवश्य कराना चाहिए, यह परिवार के लिए सुरक्षा कवच सिद्ध होता है। दावा भुगतान के दौरान उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी उपसंभागीय निरीक्षक आर.एस. मिश्रा, उपडाकपाल एस.एल. गोटी, शाखा डाकपाल विदोस दिवान, नईम खान, डिकेश मिर्झा, अनिल दिवान, आईपीपीबी मैनेजर प्रीतम कुमार गुप्ता सहित डाकघर के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### 6 राज्यों से पहुंचे ....

आयोजित यह बटरफ्लाई मीट कांगेर घाटी की जैव-विविधता के संरक्षण और दस्तावेजीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। वन विभाग का कहना है कि कार्यक्रम से न केवल तितली संरक्षण को नई गति मिलेगी, बल्कि युवा प्रकृतिवादियों और शोधार्थियों को प्रकृति अध्ययन का मूल्यवान अनुभव भी प्राप्त होगा।

### 8 किलो के कुकर ...

बम डिस्पोज़ल टीम ने मौके पर पहुंचकर तकनीकी प्रक्रिया के तहत आईईडी को सुरक्षित रूप से नष्ट किया। सर्चिंग के दौरान जवानों को जंगल में कई अन्य नक्सल सामग्री बरामद हुई। इसमें दो भरमार बंदूक, तीन देसी बम, लगभग 43 फीट इलेक्ट्रिक वायर, चार सेल बैटरी और एक प्लास्टिक ड्रम शामिल है। सभी विस्फोटक सामग्री को नष्ट कर दिया गया ताकि नक्सली दोबारा इसका उपयोग न कर सकें।

### आदिवासी नेता की ....

अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा उनकी मृत्यु संदेह पैदा करता है। यह एक हाईप्रोफाइल मर्डर है। इस केस के पीछे चारामा के ही राजनैतिक दल के भूमाफियों का हाथ होने की आशंका है। सर्व आदिवासी समाज यह मांग करता है कि सर्व प्रथम वनाधिकार पट्टा की जांच कर फर्जी एफआईआर दर्ज करने वाले तहसीलदार चारामा और टी आई चारामा की भूमिका, तत्कालीन जेल अधीक्षक कांकेर की संदेहास्पद भूमिका एवं केंद्रीय जेल रायपुर में एवं मेकाहारा में झूठी ईलाज की साज़िश की जांच किसी रिटायर्ड जस्टिस की अध्यक्षता में आयोग बनाकर किया जाए। सर्व आदिवासी समाज मुख्यमंत्री से यह मांग करता है कि रिटायर्ड जस्टिस की अध्यक्षता में जांच आयोग गठित कर संदिग्ध अधिकारियों को तत्काल निलंबित करते हुए मुकदमा दर्ज किया जाए।

### नगर पालिका में टेंडर ...

तो कांग्रेस कलेक्टोरेट कार्यालय जाकर ज्ञापन सौंपेगी एवं नगर पालिका परिषद का घेराव करेगी। नगर कांग्रेस अध्यक्ष शेख सज्जार ने कहा, भाजपा नेताओं और उनके करीबी ठेकेदारों को ही टेंडर बांटने की ये नीति स्थानीय युवाओं और छोटे ठेकेदारों को केंद्र से बाहर करती जा रही है। इससे विकास कार्य भी पिछड़ रहे हैं क्योंकि मजबूत प्रतिस्पर्धा खत्म हो गई है। धरने के दौरान जिला प्रवक्ता मोहम्मद हुसैन, सतेंद्र गुप्ता, शेख नजीर, रिंकु दास समेत अन्य कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे, जिन्होंने भाजपा सरकार पर कड़े आरोप लगाते हुए विकास ठप होने की नाकामयाबी का ठीकरा भाजपा पर फोड़ा।

आरोप पूरी तरह निराधार : इस मामले पर भाजपा की ओर से नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष भुवनेश्वरी यादव ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, नगर पालिका द्वारा जारी सभी टेंडर प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती गई है। कांग्रेस कुछ राजनीतिक लाभ के लिए बिना वजह विवाद खड़ा कर पालिका की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रही है। टेंडर प्रक्रिया के खिलाफ दिये गए आरोप पूरी तरह निराधार हैं।

### बस्तर के प्रत्येक....

इस दौरान मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी, डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता, एसडीओ देवलाल दुग्गा, योगेश कुमार रात्रे, आईपी बंजारे, वन विद्यालय की संचालक शमा फारूकी, डॉ. बीपी मूर्ति, परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा, प्रकाश ठाकुर, सूर्यप्रकाश ध्रुव एवं अन्य वन विभाग के अधिकारी व वैद्यराज उपस्थित थे।

**जड़ी-बूटियों का किया प्रदर्शन :** बताया जा रहा है कि वैद्यों ने प्रदर्शनी में बस्तर एवं आसपास के क्षेत्रों में मिलने वाली स्थानीय जड़ी-बूटियों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में औषधीय पौधों के पारंपरिक उपयोग व संरक्षण पर विशेषज्ञ व्याख्यान किया गया। स्वास्थ्य संरक्षण में योगदान को बढ़ावा देने के लिए वैद्यजन एक मंच पर पहुंचे।

### मेकाज में टीकाकरण ....

आवश्यक जानकारी दी गई। इसमें मेकाज के पीडियाट्रिक विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. डीआर मंडावी द्वारा भी बच्चों में होने वाली बीमारियों और उनके टीकाकरण द्वारा किए जाने वाले बचाव और टीकाकरण से होने वाले विपरीत प्रभावों का सही ढंग से उपचार किए जाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री, आईडीएसपी के जिला नोडल अधिकारी डॉ. वीरेंद्र ठाकुर और पीडियाट्रिक विभाग से डॉक्टर तुसाद बडवेक, डॉ. शैली जंबूल, डॉ. अतुल सोलंकी उपस्थित रहे।

### कर्रेगुटटा हिल्स के ...

बहाल किया जाएगा। सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि कर्रेगुट्टा में कैंप की स्थापना से न सिर्फ नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगेगा बल्कि आसपास के संवेदनशील इलाकों में भी सुरक्षा तंत्र और मजबूत होगा। इस सफल कार्रवाई के बाद ताड़पाला घाटी में नई उम्मीद और शांति का दौर शुरू होता दिखाई दे रहा है।

## कुष्ठ रोगियों का सही समय पर कराएं उपचार : सीएमएचओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक बस्तर जिले के कलेक्टर हरीश एस के निर्देश पर स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू रूप से संचालन की जानकारी लेने हेतु जिला अस्पताल महारानी अस्पताल के निरीक्षण पर पहुंचे। निरीक्षण में सर्वप्रथम सीएमएचओ द्वारा शहीद गुंडाधुर सभागार में चल रहे दो दिवसीय एलसीडीसी प्रशिक्षण का जायजा लिया। कुष्ठ रोग के बारे में दिए जा रहे प्रशिक्षण पर संबोधित करते हुए सभी उपस्थित सभी ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष को बस्तर जिले में 8 दिसंबर से लेकर 31 दिसंबर तक चलने वाले कुष्ठ रोग सर्वे अभियान के बारे में बताते हुए सभी को यह जानकारी दी कि कुष्ठ रोगियों का प्रारंभिक चरण में ही खोज किए जाने पर सही उपचार किया जा सकता है और विकृति से बचाया जा सकता है। कुष्ठ रोगियों में किए जाने वाले सर्जरी के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिले के कुष्ठ रोग नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. वीरेंद्र ठाकुर, वरिष्ठ एनएमए आरके माली और डेमियन फाउंडेशन से आए डॉ. कुंडू तथा राज्य स्तर से कुष्ठ रोग विभाग के प्रतिनिधि के रूप में सीआर साहा उपस्थित रहे। इसके उपरांत सीएमएचओ द्वारा महारानी अस्पताल में चल रहे फिजियोथैरेपी विभाग का औचक निरीक्षण किया गया और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं मरीजों से फिजियोथैरेपी विभाग में दी जा रही सेवाओं के बारे में आवश्यक जानकारी ली गई। इस अवसर पर फिजियोथैरेपी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. रुपेश खेडूलकर, डॉ. प्रियंका पोया, डॉ. विनय सोनपिपरे और डॉ. प्रियंका साहा उपस्थित रही। महारानी अस्पताल के फिजियोथैरेपी सेंटर में उपलब्ध की जा रही सेवाओं से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अवगत करवाया।

**खबर संक्षेप**

### नेशनल लोक अदालत के लिए खण्डपीठ का गठन

**बीजापुर।** 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए खण्डपीठ का गठन किया गया है। जिस हेतु पीठासीन अधिकारी जागेश्वर कौशल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बीजापुर, विकास सर्वे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैरमगढ, यशवंत नाग अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भोपालपटनम, भूपेन्द्र कुमार गावरे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उसूर, पंचराम सलामे तहसीलदार बीजापुर, भोज कुमार डहरिया तहसीलदार गंगालूर, लक्ष्मण कुमार राठिया तहसीलदार भोपालपटनम, अंकित राजपुत तहसीलदार उसूर एवं सूर्यकांत धरत तहसीलदार भैरमगढ़ तथा कुटरू को नियुक्त किया गया है।

### दण्डाधिकारी जांच में उपस्थित होने की सूचना

**बीजापुर।** थाना मद्देड़, मोदकपाल, तोयनार एवं फरसेगढ़ क्षेत्र के ग्राम कचलारम, गुज्जाकोंटा, कान्दुलनार एवं कर्रेमरका के जंगल पहाड़ में 11 नवम्बर को पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई। घटनास्थल की बारिकी से सर्चिंग के दौरान 3 अज्ञात पुरूष तथा 3 अज्ञात महिला माओवादियों का शव सहित नक्सली साहित्य हत्यार व अन्य सामग्री बरामद की गई। उक्त घटनाओं से संबंधित कोई भी जानकारी रखने वाले व्यक्ति 19 दिसम्बर तक अनुविभागीय दण्डाधिकारी, बीजापुर के न्यायालय में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते है।

### शीतला माता जात्रा 9 को

**गीदम।** नगर के शीतला माता मंदिर में 8 दिसंबर सोमवार को शीतला माता मंदिर में जात्रा कलश की स्थापना होगी एवं 9 दिसंबर को शीतला माता जात्रा का आयोजन होगा। जिसमें आसपास के गांवों से हजारों लोग माता के मंदिर दर्शन के लिए पहुंचेंगे। इस तीन दिवसीय जात्रा में 8 दिसंबर को शीतला माता के मंदिर में जात्रा कलश स्थापना के साथ यह जात्रा शुरू होगी। दूसरे दिन गांवदई भैरमबाबा व धनिया में उसेंडी डोकरा देव पूजा, शीतला माता पूजा व आरती, देव खेलनी, उड़ियानाट, आदिवासी नृत्य व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। तीसरे दिन देव विदाई व ध्वजा उतारनी रस्म के साथ जात्रा का समापन होगा।

### एबीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण



**भानपुरी।** संयुक्त संचालक शिक्षा सम्भाग बस्तर के निर्देशन एवम जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर के मार्गदर्शन में एबीईओ बस्तर सुशील कुमार तिवारी ने ब्लॉक बस्तर के अंतर्गत संचालित विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक, हाइस्कूल व हायरसेकंडरी शालाओ का लगातार निरीक्षण व मोनिटरिंग किया जा रहा है। इसी क्रम में उनके द्वारा अपने अंचल स्थित शालाओ तक पहुंचकर शालाओ के निरीक्षण के साथ साथ शिक्षकों से सतत चर्चा की।

9 दिवसीय लक्ष्मी जगार का समापन

# माता के दरबार पहुंचकर विधायक ने की पूजा-अर्चना, मांगी क्षेत्र की खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा

बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत दुबेउमरगांव, उसरी तथा ग्राम पंचायत छिंदगांव के पुजारी पारा स्थित लाडरी माता गुड़ी में आयोजित 9 दिवसीय लक्ष्मी जगार एवं लक्ष्मी पुराण उत्सव का

■ ग्रामीणों ने परंपरागत स्वागत कर जताया आभार



समापन समारोह धार्मिक श्रद्धा, सांस्कृतिक उत्साह और ग्रामीण एकजुटता के साथ सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल पहुंचकर ग्राम देवी माता के समक्ष पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र की खुशहाली, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की।

विधायक के आगमन पर ग्रामीणजनों ने बस्तर की पारंपरिक विधि से उनका स्वागत किया। ढोल-नगाड़े, पारंपरिक वेशभूषा और उत्साहपूर्ण वातावरण ने पूरे आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

#### ग्रामीणों ने याद किया बस्तर विधायक का विकास कार्य

छिंदगांव में चल रहे लक्ष्मी जगार उत्सव में ग्रामीणों ने विधायक को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जब वे बस्तर आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष थे, तब उन्होंने बस्तर विधानसभा सहित अन्य क्षेत्रों में माता गुड़ियों के जीर्णोद्धार, संरक्षण एवं नए गुड़ी भवनों के निर्माण हेतु महत्वपूर्ण कार्य किए। ग्रामीणों ने कहा कि आपने बस्तर की संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने हेतु हमेशा विशेष संवेदनशीलता दिखाई है। बस्तर के अंतिम छोर तक माता गुड़ी मरम्मत और नए निर्माण कार्यों की सौगात आपने प्रदान की है, हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व आप जैसे जनप्रतिनिधि कर रहे हैं।

#### परिसर में बनेगी बाउंड्री वॉल

छिंदगांव में ग्रामीणों ने माता गुड़ी परिसर में बाउंड्री निर्माण की मांग रखी जिस पर विधायक ने तत्काल सहमति प्रदान करते हुए विधायक निधि से 5 लाख रुपये बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए देने की घोषणा की। ग्रामीणों ने इस त्वरित निर्णय और संवेदनशीलता के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।

विधायक ग्राम पंचायत दुबेउमरगांव के लक्ष्मी जगार एवं लक्ष्मी पुराण उत्सव में शामिल हुए। जहां उन्होंने परदेसीन माता गुड़ी में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली एवं समृद्धि की मंगलकामनाएं की। ग्राम पंचायत उसरी के लक्ष्मी जगार उत्सव में भी माता देवी के दरबार में पहुंचकर पूजा की और ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात की।

बस्तर की संस्कृति और आस्था के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इन आयोजनों में विधायक की भागीदारी ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि वे बस्तर की सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक उत्सवों और देवी-देवताओं से जुड़े धार्मिक स्थलों के संरक्षण व विकास के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

## निष्क्रिय खातों के हकदारों को लौटाए गए 1.65 करोड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिले में वर्षों से निष्क्रिय पड़े बैंक खातों के वास्तविक हकदारों को उनकी जमा पूंजी लौटाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान को उल्लेखनीय सफलता मिली है। अभियान के तहत अब तक 1.65 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पात्र नागरिकों को वापस की जा चुकी है।

यह विशेष अभियान अक्टूबर से प्रारंभ होकर 31 दिसंबर तक जिले के सभी विकासखण्डों में आयोजित मेगा शिविरों के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। जिला कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यशाला में बताया गया कि यह पहल डीईएएफ योजना के अंतर्गत संचालित है, जिसका उद्देश्य पिछले दस वर्षों से निष्क्रिय पड़े खातों का पारदर्शी, त्वरित और सरल निपटान करना है। कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन एवं जिला प्रशासन की सक्रिय भूमिका के चलते अब तक 7.27 करोड़ रुपये से अधिक राशि वाले निष्क्रिय खातों की पहचान की जा चुकी है। बैंकवार समीक्षा में भारतीय स्टेट बैंक में सर्वाधिक निष्क्रिय खाते पाए गए। शिविरों में 35 से अधिक नागरिकों के दस्तावेजों का सत्यापन कर मौके पर ही उनके दावे निराकृत किए गए। कार्यक्रम में कलेक्टर मिश्रा ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे आमजन के आर्थिक अधिकारों की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ, जिला कोषालय अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जनपद पंचायत बीजापुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अग्रणी बैंक अधिकारी अमृत कुमार एक्का, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक तथा एसबीआई लाइफ और एलआईसी के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रैली के माध्यम से दिया स्वच्छता संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 217वीं वाहिनी कोन्टा में 1 से 15 दिसंबर तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरुआत शपथ समारोह के साथ की गई।

कैम्प परिसर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कमाण्डेन्ट विजय शंकर ने की। इस अवसर पर स्वच्छता बनाए रखने, स्वच्छ वस्त्र धारण करने, प्लास्टिक व पॉलीथिन का उपयोग न करने तथा समाज में अन्य लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया गया। जवानों को कैम्प परिसर की साफ-सफाई एवं



स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए जागरूक किया। इस अभियान में द्वितीय कमान अधिकारी अरविंद पी. आनंद, द्वितीय कमान अधिकारी नीर सिंह मीणा, उप कमाण्डेन्ट सौरभ कुमार सिंह, सहायक कमाण्डेन्ट डी. राजा इलमपरिथी सहित अधीनस्थ अधिकारी और बड़ी संख्या में जवानों ने भाग लिया।

## मिट्टी को जीवित और उपजाऊ बनाए रखने के उपायों पर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

कृषि विज्ञान केन्द्र, बीजापुर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्व मृदा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जिले के किसानों, नीति आयोग के अधिकारियों, कृषि वैज्ञानिकों तथा कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख अरुण कुमार सकनी ने किया। उन्होंने केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, मिट्टी के स्वास्थ्य मापदंडों तथा मिट्टी को जीवित और उपजाऊ बनाए रखने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग और जैविक खाद जैसे वर्मी कम्पोस्ट, कम्पोस्ट एवं गोबर खाद के




महत्व को रेखांकित किया जिससे मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ती है और फसल उत्पादन स्थिर रहता है।

कार्यक्रम में संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि स्वस्थ मिट्टी ही स्वस्थ भविष्य की आधारशिला है, मिट्टी को बचाना हर व्यक्ति का प्रमुख कर्तव्य है। आगे अपने उद्बोधन में उग्रेश कुमार देवांगन, सहायक संचालक कृषि ने विभागीय योजनाओं तथा प्राकृतिक खेती के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी प्रदान की।

अरविंद आयम, कार्यक्रम सहायक ने बताया कि अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी के स्वास्थ्य में निरंतर गिरावट आ रही है। उन्होंने किसानों को संतुलित एवं वैज्ञानिक पद्धतियों के उपयोग पर जोर देने की सलाह दी। डॉ. दिनेश कुमार मरापी,ए प्रक्षेत्र प्रबंधक ने मृदा एवं जल संरक्षण की विभिन्न तकनीकों के बारे में उपयोगी जानकारी साझा की। कार्यक्रम में कुल 43 किसान सम्मिलित हुए। विश्व मृदा दिवस का यह आयोजन किसानों को वैज्ञानिक, टिकाऊ और मिट्टी,संरक्षण आधारित कृषि पद्धतियों की ओर प्रेरित करने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।

### निर्वाचन नामावलियों के कार्य की प्रगति पर बैठक

**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जारी विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 1 जनवरी कार्यक्रम के तहत निर्वाचन नामावलियों के अद्यतन कार्य की प्रगति की समीक्षा हेतु आज जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी लोकांश एल्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में बीएलओ द्वारा किए जा रहे गणना पत्रक भरने एवं डिजिटाइजेशन कार्य की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके अलावा आयोग द्वारा विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों में किए गए संशोधनों की जानकारी भी इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को दी गई।

## चाकू लहरा कर गुंडागर्दी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आरोपी सोनू बघेल 21 वर्ष गांधी नगर वार्ड, गंगामुंडा, जगदलपुर निवासी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में अपराधिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गंगामुंडा तालाब चौपाटी के पास धारदार चाकू दिखाकर लोगों को डरा धमका कर गुंडा गर्दी करने वाले युवक को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। थाना बोधघाट में मुखबिर से सूचना मिला कि एक युवक बहादुरगुडा चौपाटी के पास लोगों को चाकू दिखा कर डरा धमका रहा है। सूचना पर मौक़े में जाकर आरोपी को



उसके कब्जे से 1 धारदार चाकू जप्त कर गिरफ्तार कर आज को न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय में पेश किया गया और न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

#### इनकी रही भूमिका

अति. पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में उ. नि. लोकेश्वर नागम., प्र.आर. वर्षा साहू , आरक्षक थानेंद्र सिन्हा, मानकू कोर्राम, होरी लाल आर्मो, कामदेव दर्रो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**समाज कल्याण विभाग ने लीशा को दी सुरक्षित सुविधा**

## वर्षों से उपेक्षित जीवन को अब मिल रहा संबल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के बकावंड विकासखंड के आवासपारा निवासी लीशा मौर्य कई वर्षों से घर के एक छोटे से कमरे में अकेले जीवन जीने को मजबूर थीं। अब समाज कल्याण विभाग की देखरेख में सुरक्षित जीवन बिता रही हैं। लीशा के नाना रतीराम ने अगस्त 2024 में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के समक्ष स्थिति बताई गई। जिसके बाद विभाग ने संज्ञान लेते हुए पूरी प्रक्रिया को संवेदनशीलता और तत्परता के साथ आगे बढ़ाया।

नाना ने बताया कि लीशा की माता का निधन कई वर्ष पूर्व हुआ है। पिता दूसरी शादी कर अलग गांव में रहते हैं। बचपन में स्कूल जाते समय मिली धमकी के बाद लीशा मानसिक रूप से असहज रहने लगीं। नाना खेती-बाड़ी में व्यस्त रहते थे इसलिए सुरक्षा के चलते घर के सामने बने छोटे कमरे में लीशा को रखा जाता था। समय के साथ उसकी दृष्टि चली गई।

लीशा की भोजन, कपड़े और दैनिक जरूरतों की पूर्ति नाना के माध्यम से होती थी परंतु देखभाल का स्थायी विकल्प उपलब्ध नहीं था। नाना से जानकारी मिलने के अगले ही दिन समाज कल्याण विभाग की टीम लीशा के घर पहुंची। टीम ने लीशा को कमरे से निकालकर साफ-सफाई करवाई। अगले दिन चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल में स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार की व्यवस्था की गई। इसके बाद बस्तर दिव्यांग सेवा समिति द्वारा संचालित आशीर्वाद घरौंदा गृह, ग्राम कोलचूर में लीशा को अगस्त 2024 में सुरक्षित प्रवेशित कराया गया। संस्था में रहने के दौरान लीशा का नेत्र उपचार और ऑपरेशन भी चिकित्सा महाविद्यालय में कराया गया लेकिन दृष्टि वापस नहीं आ सकी।

13 जुलाई 2025 को नाना के निधन के बाद लीशा के लिए संस्था ही स्थायी निवास बन गया है। संस्था प्रबंधन के अनुसार लीशा वर्तमान में स्वस्थ हैं। वह दैनिक क्रियाकलाप स्वयं अपने स्थान पर कर लेती हैं। आवाज देने पर प्रतिक्रिया देती हैं, हल्की-फुल्की बातचीत भी करती हैं। अन्य सदस्यों के साथ भी उनका नियमित संवाद बना हुआ है।

## शिक्षकों ने हेलमेट पहनकर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

संकुल बैठक सह-प्रशिक्षण के पश्चात कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में बारसूर संकुल के समस्त शिक्षकों ने हेलमेट पहनकर सड़क सुरक्षा जागरूकता का संदेश दिया। कलेक्टर ने बैठक के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए थे कि सभी शिक्षक एवं गैर-शिक्षकीय कर्मचारी स्वयं दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।



इसी क्रम में संकुल के शिक्षकों ने सामूहिक रूप से हेलमेट पहनकर सुरक्षित यात्रा की अपील की। शिक्षकों ने कहा कि सुरक्षित यात्रा ही सुरक्षित जीवन का आधार है, इसलिए हर दोपहिया वाहन चालक को हेलमेट को अपनी आदत बनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से हेलमेट की अनिवार्यता, यातायात नियमों के पालन तथा सड़क सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने पर जोर दिया गया। शिक्षकों द्वारा उठाया गया यह कदम क्षेत्र में सड़क सुरक्षा जागरूकता को मजबूत बनाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल माना जा रहा है।

**डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने किया 205 लोगों के आंख की जांच**

## विद्युत कंपनी के वेलफेयर में 355 लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के गीदम रोड स्थित छग स्टेट पॉवर डिस्ट्री ब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से शुक्रवार को कल्याण भवन में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 205 लोगों को नेत्र एवं 105 का बीपी, शुगर का परीक्षण किया। शिविर में जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम, अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, कंपनी के औषधालय के डॉ. आरके श्रवण, जेके हॉस्पिटल के डॉ. अक्षय पारासर, कंपनी के कार्यपालन अभियंता प्रदीप अग्रवाणी, सुदीप खेस आदि शामिल रहे। शिविर से कंपनी के कालोनीवासियों में उत्साह दिखा।






## शराब, तंबाकू, ड्रग्स के दुष्प्रभावों के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक की एनएसएस इकाई ने गोद लिए गए ग्राम जावंगा में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सचिव मांडवी रहे। जिन्होंने दीप प्रज्वलन कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ मुकेश ठाकुर तथा सीएससी जावंगा नितिन विश्वकर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत एवं एनएसएस गीत के साथ हुई।

प्राचार्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को ग्रामीण विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामाजिक दायित्वों पर प्रकाश




डालते हुए शिविर को आत्म-विकास और समाज सेवा का उत्तम माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि एनएसएस का मूल उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सहयोग भावना और राष्ट्र निर्माण की चेतना को विकसित करना है, जिसे इस प्रकार के विशेष शिविर और सशक्त बनाते हैं। ग्राम पंचायत सचिव ने अपने उद्बोधन में जावंगा गांव में ऐसे आयोजनों को समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा यदि सही दिशा में लगाई जाए तो गांव के विकास में अभूतपूर्व सुधार लाया जा सकता है। उन्होंने एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा की टीम को ग्राम स्तर पर जन-जागरूकता अभियानों के लिए धन्यवाद दिया। नितिन विश्वकर्मा ने छात्रो को स्वयं में बदलाव कर समाज में बदलाव की प्रेरणा प्रदान की। उद्घाटन के बाद स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्त समाज स्वस्थ समा" के संदेश पर एक जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को ग्राम पंचायत सचिव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

स्वयंसेवकों ने नारे लगाते हुए शराब, तंबाकू, ड्रग्स आदि के दुष्प्रभावों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली जावंगा के मुख्य मार्गों से होकर गुजरते हुए गांव के प्रमुख चौक तक पहुंची। ग्रामीणों ने भी इस अभियान की सराहना करते हुए सहयोग का आश्वासन दिया। पहले दिन की विभिन्न गतिविधियों में स्वयंसेवकों का पंजीयन, समूह परिचय, शिविर के नियमों और उद्देश्यों की जानकारी, तथा आगामी सात दिनों के कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। सात दिनों तक शिविर में स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, सड़क सुरक्षा जागरूकता, डिजिटल साक्षरता, जल संरक्षण, नशा मुक्ति, महिलाओं की सुरक्षा तथा ग्रामीण समस्याओं के समाधान जैसे विषयों पर विभिन्न गतिविधियां एवं विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए जाएंगे। ग्राम जावंगा में हुआ यह शुभारंभ उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायी रहा। शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों के बीच सहयोग, सेवा और विकास की नई दिशा स्थापित होने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### जमीन गाइडलाइन में बढ़ोतरी पर युवा कांग्रेस का पलटवार



**जगदलपुर।** बिना पूर्व समीक्षा और जनसुनवाई के जमीन गाइडलाइन दरों में अचानक की गई बढ़ोतरी को लेकर बस्तर जिला युवा कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया है। पूर्व जिला अध्यक्ष व युवा नेता अजय बिसाई ने कहा कि सरकार ने अतार्किक और मनमाने तरीके से नई दरें तय कर दीं, जिसमें न चर्चा हुई, न सुझाव लिए गए और न दावा-आपत्ति का अवसर दिया गया। उन्होंने कहा कि यह फैसला सीधे-सीधे किसानों और गरीब वर्ग के खिलाफ है। बिसाई ने बताया कि शहरों की सीमा से 20 किलोमीटर के दायरे में एक एकड़ जमीन बेचने पर पहले 15,000 वर्गफीट के हिसाब से रजिस्ट्री शुल्क और स्टाम्प ड्यूटी चुकानी पड़ रही है, जो अत्यधिक है। कई इलाकों में स्थिति ऐसी बन गई है कि 1000 फीट जमीन खरीदने पर रजिस्ट्री शुल्क जमीन की कीमत के बराबर या उससे भी अधिक हो सकता है।

### कमिश्नर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का लिया जायजा



**जगदलपुर।** कमिश्नर डोमन सिंह ने शुक्रवार को विकासखण्ड बस्तर के भ्रमण के दौरान मतदाता पहचान के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने बूथ लेवल आफिसर्स से कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली और उन्हें पूरी सजगता के साथ सम्पादन किए जाने कहा। निर्धारित समयावधि में कार्य को पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने मतदान केंद्र क्रमांक 115 भाटपाल, मतदान केंद्र क्रमांक 116 आड़ावाल तथा मतदान केंद्र क्रमांक 117 भुरसुंडी में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया और मौके पर उपस्थित बूथ लेवल आफिसर्स से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति के बारे में पूछा। साथ ही मौजूद मतदाताओं से भी रूबरू होकर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के सम्बंध में चर्चा की।

### निकाली गई भव्य कलश यात्रा

# आज से 13 तक गीदम में भव्य शिव महापुराण

## तैयारिया हुई पूर्ण, प्रतिदिन 1 लाख से ज्यादा श्रोताओं के पहुचने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

दंतेवाड़ा जिले की व्यवसायिक नगरी गीदम में 7 दिसंबर रविवार से 13 दिसंबर तक शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है, यह आयोजन जिले के गीदम के हारम इलाके में किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन में शिव महापुराण कथा का वाचन अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले करेंगे, जिसे लेकर आयोजन स्थल में तैयारिया पूर्ण हो गई है।

यहां प्रतिदिन कथा में 1 लाख से भी ज्यादा श्रोताओं के पहुंचने की संभावना जताई जा

■ **अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा करेंगे कथा का वाचन**

रही है इसके लिए यहां तीन बड़े-बड़े डोम शेड बनाए गए हैं। बस्तर संभाग समेत आसपास के राज्य उड़ीसा , आंध्र प्रदेश , तेलंगाना व छग के अन्य जिलों से भी कथा में लोगों के पहुंचने की संभावना है । यहां लोगों के लिए ठहरने, खाने-पीने, अस्थाई एव चलित शौचालय की व्यवस्था भी की गई है , शिव महापुराण समिति द्वारा सुबह-शाम निशुल्क भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इसके साथ ही यहां पुलिस एव जवानों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के भी पूरे



इंतजाम किये गए है । इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत शनिवार को भव्य कलश यात्रा से हो चुकी है । इस भव्य कार्यक्रम के मुख्य आयोजक नगर के विजय प्रसाद तिवारी है, तिवारी ने बताया कि इस आयोजन की पिछले दो वर्षों से योजना बनाई जा रही थी, सबके सहयोग से यह सम्भव हो पाया कि यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। नगर के साथ साथ ग्रामीण लोग भी इसमें पूरा सहयोग कर रहे है।



### सुरक्षा, पार्किंग जैसे अन्य व्यवस्था के इंतजाम

हारम में आयोजित इस कार्यक्रम में बीजापुर रोड में मंच के पास से व्हीआईपी इंट्री होगी, जबकि आम जनता के लिए बारसूर रोड में इंट्री गेट बनाये गए है। यहां 5 पार्किंग स्थल बनाये गए है जिसमे व्हीआईपी पार्किंग मंच के पास होगी। वही दूसरी पार्किंग व्यवस्था बीजापुर रोड में एफसीआई गोदाम के पास बनाई गई है । पार्किंग नम्बर 3 जगदलपुर- दन्तेवाड़ा रोड में वही पार्किंग नम्बर 4 व 5 बारसूर रोड की दोनों तरफ सोनारपारा चौक के पास बनाया गया है। कार्यक्रम स्थल सीसी टीवी से लैस होंगे जिससे हर गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। भारी संख्या में जवानों की तैनाती रहेगी। 2 पुलिस कंट्रोल रूम भी बनाये गए है जो एक मंच के पास व्हीआईपी की तरफ रहेगा वही दूसरा पुलिस कंट्रोल रूम आम जनता की तरफ इंट्री गेट के पास रहेगा। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल में बाए ओर यहाँ चिकित्सा व्यवस्था भी रहेगी। ठीक इसके पास में भोजन व्यवस्था एव पेयजल के लिए भी जगह निर्धारित की गई है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से जनता को वंचित करने वाले कांग्रेस नेता को इस पर बोलने का हक नहीं : रजनीश



**जगदलपुर।** भाजपा जिला महामंत्री रजनीश पानीग्राही ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के प्रधानमंत्री आवास पर दिये गये बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते कहा कि भूपेश सरकार के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री आवास को बंद कर दिया गया था। जिससे लाखों गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ नहीं मिल सका। दीपक बैज के द्वारा प्रधानमंत्री आवास पर वक्तव्य जारी करना शोभा नहीं देता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के द्वारा राज्य में विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को पक्का प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित किया जा रहा है तो दीपक बैज को इससे परेशान होना लाजमी है । किरण देव ने कहा कि प्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पीड़ित परिवार के लिए 15 हजार आवास स्वीकृत किए गए हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित सुरक्षा कैंपों की 10 किलोमीटर की परिधि में आने वाले गांव में नियाद नेल्लानार योजना के तहत 327 गांव में 13788 घरों एवं शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत 1.32 लाख आवासों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है । इन लक्ष्य की ओर भाजपा आगे बढ़ रही है इससे कांग्रेस की छत्तीसगढ़ में बची जमीन भी खिसकती नजर आ रही है। भाजपा सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल को संकल्प की सिद्धि और उपलब्धियां का प्रमाणिक दस्तावेज बताते हुए कहा कि प्रदेश के हर गरीब के सिर पर पक्की छत का जो संकल्प भाजपा ने विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी में व्यक्त किया था वह गारंटी पूरी कर विष्णुदेव सरकार ने विश्वसनीयता अर्जित की है।

# 6 दिवंगत छात्रों के घर पहुंचकर विधायक ने दिए सहायता के चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

तोकापाल ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों में आज एक संवेदनशील एवं जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्र दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत दुर्घटना में मृत छह छात्रों के परिवारों को 1,00,000 की सहायता राशि का चेक दिया गया।

चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने स्वयं प्रत्येक परिवार से मुलाकात कर उनकी व्यथा सुनी तथा उन्हें भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार हर परिस्थिति में उनके साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने इस योजना को विद्यार्थियों और उनके परिवारों की सुरक्षा और संवेदना से जुड़े एक महत्त्वपूर्ण कदम के रूप में रेखांकित किया। विधायक ने कहा कि किसी भी छात्र का असामयिक निधन अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और ऐसी परिस्थितियों में सरकार का यह दायित्व है कि वह परिवार को यथासंभव सहयोग प्रदान करे। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे भी ऐसे सामाजिक हित वाले कदम निरंतर जारी रहेंगे।

कार्यक्रम में सभी दिवंगत छात्रों के स्मृति में पौधरोपण किया गया। परिजनों ने भावुक क्षणों में इस पहल को सराहा और इसे अपने बच्चों की यादों को संजोए रखने का एक सकारात्मक माध्यम बताया। गोयल ने पौधरोपण के दौरान कहा कि एक पेड़ सिर्फ प्रकृति ही नहीं, बल्कि आशा, जीवन और स्मृतियों का प्रतीक है। इन पेड़ों के साथ बच्चों की यादें हमेशा जीवित रहेंगी।



### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य पदमनी कश्यप , जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रैतुराम बघेल, परदेशी कश्यप, चन्द्रकान्ता भण्डारी, मिटकु राम बघेल, अनंतराम कश्यप, दिनदयाल मौर्य, मुन्ना कश्यप, पिला राम कश्यप, हेमचंद्र सोम, बोदाराम, संतोष मौर्य, त्रिकांत, महेंद्र, बोण्डकु बघेल, राजु पोडियामी, सोनमती घोष, गणेश सेठिया बंशी मौर्य, रामचंद भोयर , प्रेम भंडारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## बस्तर की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेज़ी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में जनजातीय गौरव माह के अंतर्गत जनजातीय समाज के गौरवपूर्ण इतिहास, सामाजिक संरचना और आध्यात्मिक समृद्धि पर केंद्रित विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा एवं वीर जनजातीय महापुरुषों के जय-चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजीव गुहे ने स्वागत भाषण में कहा कि जनजातीय समाज भारतीय सभ्यता का मूलस्वरूप है और बस्तर की जनजातियाँ ज्ञान,कला,परंपरा तथा साहस की धरोहर को संरक्षित किए हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस अमूल्य विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाना वर्तमान पीढ़ी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति



अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ सुभाऊ कश्यप ने जनजातीय समाज की ऐतिहासिक भूमिका,प्रकृति संरक्षण, जल-जंगल-जमीन की रक्षा और सामुदायिक जीवन की परंपराओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय ने सदियों से समाज को आदर्श जीवन मूल्य प्रदान किए हैं तथा शिक्षा, अधिकार और आर्थिक उन्नयन की दिशा में हो रहे कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मुख्य वक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि पाश्चात्य इतिहासकारों ने जनजातीय समाज की वास्तविक गौरवगाथा को सही रूप में प्रस्तुत नहीं किया। उन्होंने जनजातीय अध्यात्म,कला, त्योहार, संस्कृति और प्रकृति के साथ उनके समन्वय को भारत की सांस्कृतिक नींव बताया। उन्होंने कहा कि सभी समाजों को मिलकर जनजातीय इतिहास के पुर्नमूल्यांकन और प्रसार में सहयोग करना चाहिए।

मुख्य अतिथि सुभाऊ कश्यप ने परिसर में नारियल के वृक्ष लगाए, जिससे हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश को बल मिला। साथ ही महाविद्यालय की बहु-प्रतीक्षित कैंटीन का उद्घाटन भी किया गया, जिसके शुरू होते ही विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला।

## निधन

### विजय कुमार आचार्य



**जगदलपुर।** उत्कल समाज के वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार आचार्य का निधन शुक्रवार रात्रि 11 बजे हो गया । वे उर्मिला आचार्य एवं मदन आचार्य के छोटे भाई थे। वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। आज अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### संजय मिश्रा



**जगदलपुर।** बस्तर परिवहन संघ के वरिष्ठ सदस्य संजय मिश्रा (राजू) शिवम ट्रैवेल्स हिकमी पारा का शुक्रवार की शाम आकस्मिक निधन हो गया। वे सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे । वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

# बस्तर के इतिहास और विज्ञान से रूबरू हुए विद्यार्थी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के उच्च प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत एक ज्ञानवर्धक और उत्साहपूर्ण शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन शुक्रवार को किया गया। यह भ्रमण राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर हरिस एस और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को जिले के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और तकनीकी विकास से परिचित कराना है। इस शैक्षणिक दल में जिले के सभी सात विकासखंडों से चयनित पन्द्रह-पन्द्रह विद्यार्थी और उनके साथ दो-दो मार्गदर्शक शिक्षक शामिल हुए। जिससे कुल 105 विद्यार्थियों और 14 शिक्षकों ने इस ज्ञान यात्रा में हिस्सा लिया। भ्रमण की शुरुआत बस्तर की प्राकृतिक धरोहर चित्रकोट जलप्रपात के अवलोकन से हुई, जहां विद्यार्थियों ने प्रकृति की भव्यता और भूवैज्ञानिक प्रक्रियाओं को समझा। इसके पश्चात दल ने ऐतिहासिक दलपत सागर का दौरा किया, जहां जल संरक्षण और पारिस्थितिकी तंत्र के महत्व पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों के लिए अगला ज्ञानवर्धक पड़ाव पुरातत्व संग्रहालय रहा, जिसने उन्हें बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति और प्राचीन इतिहास की कलाकृतियों को करीब से देखने का अवसर दिया। इन ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों के बाद विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी संरचनाओं से परिचित कराया गया। दल ने जिले के एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन का दौरा किया, जिससे उन्हें परिवहन के बुनियादी ढांचे, इंजीनियरिंग के सिद्धांतों और देश की कनेक्टिविटी में इनकी भूमिका को समझने का मौका मिला। यह शैक्षणिक भ्रमण न केवल विद्यार्थियों के लिए मनोरंजक रहा, बल्कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के लक्ष्यों को साकार करते हुए उन्हें विज्ञान, इतिहास और स्थानीय ज्ञान के बीच संबंध स्थापित करने में भी सहायक सिद्ध हुआ। इस पहल ने उच्च प्राथमिक विद्यालय के इन विद्यार्थियों में सीखने की जिज्ञासा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को और अधिक मजबूत किया है।

## अवैध दत्तक ग्रहण पर सख्ती की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अवैध दत्तक ग्रहण की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए बाल कल्याण समिति प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायपीठ बस्तर के अध्यक्ष नरेंद्र पाणिग्राही ने स्पष्ट कहा कि कानून से परे किसी भी प्रकार का दत्तक ग्रहण किसी भी स्थिति में मान्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अवैध दत्तक ग्रहण बच्चों की तस्करी, खरीद-फरोख्त, शोषण, पहचान परिवर्तन और अधिकारों के हनन जैसी गंभीर समस्याओं को जन्म देता है,जो बच्चे के भविष्य पर सीधा आघात है।

पाणिग्राही ने कहा कि बच्चे राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं और उनका सुरक्षा, अधिकार एवं पहचान सर्वोच्च प्राथमिकता है। दत्तक ग्रहण की वैध प्रक्रिया केवल वात्सल्य पोर्टल तथा सीएआरए (केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण) के माध्यम से ही संभव है,जो पारदर्शी और सुरक्षित व्यवस्था प्रदान करती है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि सभी लोग कानूनी प्रक्रिया का पालन करें और समाज में जागरूकता फैलाएँ।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश और कानूनी प्रावधान पर जोर देते नरेंद्र पाणिग्राही ने बताया कि किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015 संशोधित 2021 के तहत अवैध दत्तक ग्रहण पर तीन वर्ष तक के कारावास, एक लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है।

**एजेंसी दिया गया**

सूरज जायसवाल को बचेली का हरिभूमि एजेंसी दिया गया।

समाचार पत्र और विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मो: 9425594584, 9131893124

ब्यूरो कार्यालय, हरिभूमि जगदलपुर

**एजेंसी देनी है**

आड़ावाल जगदलपुर में हरिभूमि न्यूज एजेंसी देनी है

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें

संपर्क करें हरिभूमि संभागीय कार्यालय जगदलपुर पूनम हॉटल, प्रतापगंज पारा

मोबाईल नंबर 91318-93124

फोन नंबर 07782-314471

## एमआईसी बैठक में 349.08 लाख के निर्माण कार्यों को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



महापौर संजय पाण्डे की अध्यक्षता में आयोजित एमआईसी बैठक में नगर निगम क्षेत्र के 14 निर्माण कार्यों हेतु 349.08 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई। इन कार्यों का उद्देश्य जलभराव की समस्या दूर करना, यातायात सुगम बनाना और वार्डों में बुनियादी सुविधाओं को और बेहतर करना है।

महापौर ने कहा कि निगम क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना प्राथमिकता है। सड़क, नाला और प्रकाश व्यवस्था से जुड़े इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद वार्डों में नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुगम वातावरण प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाएँ समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण कराई जाएंगी। बैठक में स्वीकृत कार्यों में लोकमान्य तिलक वार्ड में बीटी रोड निर्माण–चौड़ीकरण, दलपत सागर एवं छत्रपति शिवाजी वार्ड सहित कई क्षेत्रों में आरसीसी नाला निर्माण, अटल आवास क्षेत्रों तक सीसी रोड निर्माण, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में रोड चौड़ीकरण, महारानी वार्ड में स्ट्रीट लाइट एवं डिवाइडर स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इन सभी कार्यों से जलभराव की समस्या में कमी आएगी और यातायात सुगमता बढ़ेगी। अटल बिहारी बाजपेई व गुरुगोविंद सिंह वार्डों में सड़क निर्माण से आवागमन की सुविधा मजबूत होगी,वहीं नाला निर्माण से मानसूनी चुनौतियों का समाधान होगा।

### 204 कोबरा बटालियन करणपुर में दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

# अलविदा कह गया के-9 डॉग एक्सेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अपनी सेवा अवधि में कई महत्वपूर्ण ऑपरेशनों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले 204 कोबरा बटालियन के के-9 डॉग एक्सेल का शनिवार को बीमारी से निधन हो गया। एक्सेल ने

■ **बम निरोधक दस्ते के साथ आईईडी पता लगाने में था दक्ष**

जवानों के साथ कई मौकों पर बेहद संजीदगी और अदम्य साहस का परिचय दिया था और इसकी वजह से कई बार सुरक्षा बलों की जान बची और ऑपरेशन की सफलता में अहम योगदान मिला है।



बटालियन में एक्सेल की तबीयत बिगड़ने पर उसे जगदलपुर स्थित वेटरनरी अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया था ,उपचार के बावजूद उसकी हालत अचानक खराब हो गई और बीमारी के कारण उसकी मृत्यु हो गई। उसने अपनी सेवा अवधि में कई महत्वपूर्ण ऑपरेशनों में सक्रिय भूमिका निभाई जिससे सुरक्षा बलों की जान बची और ऑपरेशन की सफलता में अहम योगदान मिला।

एक्सेल का अंतिम संस्कार आज करणपुर कोबरा कैंपस में किया गया, जहाँ सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों और के 9 टीम ने उसे भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। एक्सेल के समर्पण, साहस और उत्कृष्ट सेवा को हमेशा गर्व और सम्मान के साथ याद किया जाएगा। एक्सल एक प्रशिक्षित स्वान था जो सुंघकर आईईडी का पता लगाने में दक्ष था। इसकी ज्यादातर मुव्हमेंट बम निरोधक दस्ते के साथ नक्सली क्षेत्रों में होती थी। यह एक जर्मन सेफर्ड ब्रिड का डॉग था।

